# चेतना

बुधवार
बिहार
19-अगस्त-2026
Wednesday
वर्ष : 5
प्रादेशिक संस्करण

शिक्षकों का, शिक्षकों के लिए और शिक्षकों द्वारा प्रकाशित





संपादकीय
चेतना सत्र
सविधान
दैनिक कार्ययोजना
समय सारणी
पीएम पोषण योजना


भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री


**श्री पीयूष गोयल**

बिहार के स्वास्थ्य मंत्री

**श्री निशांत**

| AUGUST | | | 2026 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| र. | सो. | म. | बु. | गु. | शु. | श. |
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 30 | 31 | | | | | |

4 चेहल्लुम
15 स्वतंत्रता दिवस
24 अंतिम श्रावणी सोमवारी
26 हजरत मोहम्मद साहब जन्म दिवस
28 रक्षा बंधन









# संपादकीय

चेतना

19-अगस्त-2026 Wednesday बुधवार वर्ष 05




अनिल कुमार प्रभाकर
प्रधान संपादक



श्री कुंदन कुमार वर्मा
संपादक



फरहान
संपादक मंडल



श्रीमती रिंकू कुमारी
संपादक मंडल



श्री राकेश कुमार
संपादक मंडल

## -: आज की प्रेरणा :-

*घृणा मनुष्य को कभी खिलने नहीं देती और प्रेम मनुष्य को कभी मुरझाने नहीं देता।*

**आज से हम :**

खिलते रहें और प्यार की खुशबू फैलाते रहें...

*Hatred never lets a person blossom... And love never lets a person wither..!!*

**Today Onwards Let's :**

keep blossoming and spreading the fragrance of love...


नोट : रविवार के दिन खुलने वाले विद्यालय शुक्रवार के दिन प्रकाशित होने वाले चेतना का उपयोग कर सकते हैं।

## चेतना

### *"टीचर्स ऑफ बिहार"*

द्वारा प्रकाशित *"चेतना"* दैनिक पत्रिका बिहार के शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं के शैक्षिक बेहतरी के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है। इसमें सम्मिलित सामग्री शिक्षकों को विद्यालय के दैनिक कार्य में मदद करती है। आइए, हम सब मिलकर इस अनूठे प्रयास का हिस्सा बनकर


## हमारे महान विभूति



भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री

### जीवन परिचय

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | इंदिरा प्रियदर्शिनी गांधी |
| जन्म | : | 19 नवम्बर 1917 |
| जन्म स्थान | : | इलाहाबाद |
| पिता | : | जवाहरलाल नेहरू |
| माता | : | कमला नेहरू |
| पति/पत्नी | : | फिरोज गांधी |
| शिक्षा | : | डॉक्टरेट |
| अवार्ड | : | भारत रत्न (1971) |
| नागरिकता | : | भारतीय |
| मृत्यु | : | 31 अक्टूबर 1984 |



बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

TRE-4 अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खुशखबरी!

बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना –800001
आवश्यक सूचना

विज्ञापन सं.–14/2026, चतुर्थ चरण के विद्यालय अध्यापक भर्ती परीक्षा (TRE-4.0) के तहत शिक्षा विभाग, बिहार के अन्तर्गत विद्यालय अध्यापक के कुल– 32,388 (बत्तीस हजार तीन सौ अठासी) रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सुयोग्य भारतीय उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

2. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नांकित हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | भुगतान प्रारम्भ करने की तिथि | 01.09.2026 |
| (ii) | भुगतान की अंतिम तिथि | 29.09.2026 |
| (iii) | ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि | 01.09.2026 |
| (iv) | ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि | 30.09.2026 |

3. उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में विस्तृत सूचना/विवरणी/जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु निर्देश आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bihar.gov.in पर प्रदर्शित है।

4. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के पूर्व वेबसाईट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।

@EducationDepartmentBihar @BiharEducation_ @bihar_education_dept @BiharEducationDept



# चेतना सत्र



19-अगस्त-2026 Wednesday बुधवार वर्ष 05

## 1. प्रार्थना



### प्रार्थना

तू ही राम है, तू रहीम है, तू करीम कृष्ण खुदा हुआ,
तू ही राम है तू रहीम हैं, तू करीम कृष्ण खुदा हुआ।
तू ही वाहे गुरु तू यीशु मसीह, हर नाम में तू समा रहा,
तू ही राम है, तू रहीम है।
तेरी जात पाक कुरान में, तेरा दर्श वेद पुराण में,
गुरु ग्रन्थ जी के बखान में, तू प्रकाश अपना दिखा रहा।
तू ही राम है, तू रहीम है, तू करीम कृष्ण खुदा हुआ,
तू ही राम है, तू रहीम है।
अरदास है कहीं कीर्तन, कहीं राम धुन कहीं आह्वान,
अरदास है कहीं कीर्तन, कहीं राम धुन कहीं आह्वान
विधि वेद का है ये सब रचन, तेरा भक्त तुझको बुला रहा,
तू ही राम है, तू रहीम है, तू करीम कृष्ण खुदा हुआ,
तू ही राम है, तू रहीम है।

### अभियान गीत

घर-घर अलख जगाएगें, हम बदलेंगे जमाना।।
निश्चय हमारा, ध्रुव सा अटल है।
काया की रग-रग में, निष्ठा का बल है।।
जागृति शंख बजायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।
बदली हैं हमने अपनी दिशायें।
मंजिल नयी तय, करके दिखायें।।
धरती को स्वर्ग बनायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।।
श्रम से बनायेंगे, माटी को सोना।
जीवन बनेगा, उपवन सलोना।।
मंगल सुमन खिलायेंगें, हम बदलेंगे जमाना।।
कोरी कल्पना की तोड़ेंगे कारा।
ममता की निर्मल, बहायेंगे धारा।।
समता की दीप जलायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।।

### बिहार राज्य प्रार्थना

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रुक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

*- एम. आर. चिश्ती*

### बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शातिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरुगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शाति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

*- सत्यनारायण*

## 2. आज का विचार

**एक महान व्यक्ति एक प्रख्यात व्यक्ति से एक ही बिंदु पर भिन्न हैं कि महान व्यक्ति समाज का सेवक बनने के लिए तत्पर रहता हैं।**

## 3. शब्द ज्ञान

| | English | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Pretty | प्रीटि | सुन्दर |
| 2. | Reward | रिवार्ड | इनाम |
| 3. | Thy | दाई | तुम्हारा |

| हिन्दी | |
|---|---|
| साँझ | शाम |
| पलकें | आँखो के बाल |
| गंध | महक, खुशबू |

| संस्कृत | |
|---|---|
| पृष्ठत: | पीछे से |
| परित्यज्य | छोड़कर |
| प्रीत: | प्रसन्न |

| | اردو (उर्दू) | | |
|---|---|---|---|
| 1. | لخن | Lakhan | अवाज |
| 2. | لحیم | Lahim | मोटा |
| 3. | لخت | Lakht | टुकडा |

## 4. दिवस ज्ञान

**विश्व मानवतावाद दिवस**

## 5. सामान्य ज्ञान-विज्ञान

| | | |
|---|---|---|
| 1. | भारत में सिंचाई का सबसे प्रमुख साधन है ? | : नलकूप और कुएं |
| 2. | भारत का सबसे बड़ा चावल उत्पादक राज्य  कौन-सा है ? | : पश्चिम बंगाल |
| 3. | भारत में नहर द्वारा सिंचाई में कौन-सा राज्य अग्रणी है ? | : पंजाब |

## 6. तर्क ज्ञान

| | | |
|---|---|---|
| 1. | भारत का राष्ट्रीय ध्वज क्या है? | : तिरंगा |
| 2. | Z  X V T R ? | : P |
| 3. | सुख - दुख में कौन सा समास है? | : द्वंद्व समास |

## 7. गुण सधि

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कमलेश | : कमल + ईश |
| 2. | कर्णोध्दार | : कर्ण + उध्दार |
| 3. | खगेश | : खग +ईश |

## 8. प्रेरक प्रसंग

### !! भलाई !!

एक घर में दो भाई रहते थे। छोटी उम्र में ही उनके माता और पिता की मृत्यु हो गई थी। इस भारी विपत्ति को सहते हुए वे अपने खेतों में बड़ी मेहनत से काम करते थे। कुछ वर्षों के बाद बड़े भाई की शादी हो गई और फिर दो बच्चों के साथ उसका चार लोगों का परिवार हो गया। चूकि दूसरे बेटे की अभी शादी नहीं हुई थी फिर भी उपज को दो हिस्से में बांट दिया जाता था। एक दिन जब छोटा वाला भाई खेत में काम कर रहा था तो उसे विचार आया कि यह सही नहीं है कि हम बराबर बँटवारा करें। मैं अकेला हूँ और मेरी ज़रूरत भी बहुत अधिक नहीं हैं।

मेरे भाई का परिवार बड़ा है, एवं उसकी ज़रूरत भी अधिक हैं। अपने दिमाग में इसी विचार के साथ वह रात अपने यहाँ से अनाज का एक बोरा ले जाकर भाई के खेत में चुपचाप रखने लगा। इसी दौरान बड़े भाई ने भी सोचा, कि यह सही नहीं है कि हम हर चीज का बराबर बँटवारा करें। मेरे पास मेरा ध्यान रखने के लिए पत्नी और बच्चे हैं लेकिन मेरे भाई का तो कोई परिवार नहीं है। अत: भविष्य में उसकी कौन देखभाल करेगा ? इसलिए मुझे उसे अधिक देना चाहिए।

इस विचार के साथ वह हर दिन एक अनाज का बोरा लेता और अपने भाई के खेत में रख देता। यह सिलसिला बहुत दिनों तक चलता रहा, किन्तु दोनों भाई हैरान थे कि उनका अनाज कम क्यूँ नहीं हो रहा। एक दिन एक - दूसरे के खेतों में जाते समय उनकी मुलाकात हो गई। तब उन्हें पता चला कि आखिर इतने समय से क्या हो रहा था? वे ख़ुशी से एक - दूसरे के गले लगाकर रोने लगे।

शिक्षा:-
सच्चे मन से किये गये भलाई के काम में कभी अपना नुकसान नहीं होता है..!!

# सविधान

चेतना

19-अगस्त-2026 Wednesday बुधवार वर्ष 05


## राष्ट्र-गान

*जन-गण-मन अधिनायक जय हे*
*भारत भाग्य विधाता ।*
*पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा*
*द्राविड़-उत्कल-बंग*
*विंध्य हिमाचल यमुना गंगा*
*उच्छल जलधि तरंग*
*तव शुभ नामे जागे, तव शुभ आशिष मागे*
*गाहे तव जय-गाथा ।*
*जन-गण-मंगलदायक जय हे भारत भाग्य विधाता ।*
*जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय जय हे ।*

- रविन्द्रनाथ टैगोर

## राष्ट्रीय गीत

*वदे मातरम्*
*सुजालां सुफलां मलयजशीतलाम्*
*शस्यशामलां मातरम्।*
*शुभ्रज्योत्सनापुलकितयामिनिं*
*फुल्लकुसुमितद्रुमदलशोभिनीं*
*सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीं*
*सुखदां वरदान मातरम्।। 1.. वदे मातरम्।*
*कोटि-कोटि-कण्ठ-कल-कल-निनाद-कराले*
*कोटि-कोटि-भुजैरधृत-क्रकरवाले,*
*अबला केन मा एते बल।*
*बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं*
*रिपुदलवारिणीं मातरम्।। 2.. वदे मातरम्।*
*तुम विद्या, तुमि धर्मि*
*तुम हृदि, तुमि मर्म*
*त्वं हि प्राणा: शरीरे*
*बहुते तुमि मां शक्ति,*
*हृदये तुमि मां भक्ति,*
*तोमरै प्रतिमा घड़ी*
*मदिरे-मदिर मातरम्।। 3 .. वदे मातरम्।*
*त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी*
*कमला कमलदलविहारिणी*
*वाणीदायिनी, नमामि त्वम्*

- बकिमचन्द्र चटर्जी

## मौलिक अधिकार

1. समता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18)
2. स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22)
3. शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24)
4. धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28)
5. संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29-30)
6. सवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32)

## सविधान में उपबधित मौलिक कर्तव्य

1. सविधान का पालन करना और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्र गान का आदर करना।
2. स्वतंत्रता के लिये हमारे राष्ट्रीय संघर्ष को प्रेरित करने वाले महान आदर्शों का पालन करना।
3. भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना।
4. देश की रक्षा करना और आह्वान किये जाने पर राष्ट्र की सेवा करना।
5. भारत के लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करना जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग आधारित सभी प्रकार के भेदभाव से परे हो। साथ ही ऐसी प्रथाओं का त्याग करना जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं।
6. हमारी समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्त्व देना और संरक्षित करना।
7. वनों, झीलों, नदियों और वन्यजीवन सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा एवं सुधार करना और प्राणिमात्र के लिए दयाभाव रखना।
8. मानवतावाद, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा ज्ञानार्जन एवं सुधार की भावना का विकास करना।
9. सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना एवं हिंसा से दूर रहना।
10. व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधि के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिये प्रयास करना ताकि राष्ट्र लगातार उच्च स्तर की उपलब्धि हासिल करे।
11. 6 से 14 वर्ष तक के आयु के अपने बच्चों को शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना। (86वें सविधान द्वारा जोड़ा गया)

## भारत के सविधान की प्रस्तावना

*हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :*
*सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय,*
*विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म*
*और उपासना की स्वतंत्रता,*
*प्रतिष्ठा और अवसर की समता,*
*प्राप्त कराने के लिए,*
*तथा उन सब में, व्यक्ति की गरिमा और*
*राष्ट्र की एकता और अखण्डता*
*सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए*
*दृढ़ संकल्पित होकर अपनी इस सविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ईस्वी (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस सविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।*

चेतना

# दैनिक कार्ययोजना (DAILY PLANNER)

| 19-Aug-2026 | Wednesday बुधवार |
|---|---|

## आज के टॉप 3 कार्य

- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 

RATE YOUR DAY

कुल नामांकित छात्रों कि संख्या :

आज उपस्थित छात्रों कि संख्या :

MDM खाने वालों छात्रों कि संख्या :

## TIME TRACKER

| | |
|---|---|
| 09:30 AM | |
| 10:00 AM | |
| 10:40 AM | |
| 11:20 AM | |
| 12:00 PM | |
| 01:20 PM | |
| 02:00 PM | |
| 02:40 PM | |
| 03:20 PM | |
| 04:00 PM | |

## TO DO'S

- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 
- [ ] 

## CALLS / EMAIL

## MENU OF THE DAY

- [ ] BREAKFAST
- [ ] LUNCH
- [ ] SNACKS
- [ ] DINNER

WATER

EXERCISE ______ hours

## MONEY TRACKER

| +/- | AMOUNT | EXPENSE / SAVED |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

## HIGHLIGHT OF THE DAY

# समय सारणी पाठ टीका

चेतना

19-अगस्त-2026 | Wednesday | बुधवार | वर्ष 05

ज्ञापांक : 01/मा०शि०-स्था 'ख'-68/2024/2444 दिनांक :- 21/11/2024 ज्ञापांक : 01/मा०शि०-68/24/664 दिनांक :- 04/04/2025

| समय | | 09:30 - 10:00 | 10:00 - 10:40 | 10:40 - 11:20 | 11:20 - 12:00 | 12:00 - 12:40 | 12:40 - 01:20 | 01:20 - 02:00 | 02:00 - 02:40 | 02:40 - 03:20 | 03:20 - 04:00 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 06:30 - 07:00 | 07:00 - 07:40 | 07:40 - 08:20 | 08:20 - 09:00 | 09:00 - 09:40 | 09:40 - 10:20 | 10:20 - 11:00 | 11:00 - 11:40 | 11:40 - 12:20 | 12:20 - 12:30 |
| वर्ग | घंटी | | पहली | दूसरी | तीसरी | | चौथी | पंचमी | छठी | सप्तमी | आठमी |
| 1 | | साफ-सफाई, चेतना सत्र - प्रार्थना | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | अंग्रेजी (कार्यपुस्तिका) | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | मध्यांतर / मध्याह्न भोजन कार्यक्रम | गणित (पाठ्यपुस्तक) | हिंदी (पढ़ना और कार्यपुस्तिका) | गणित (TLM से गतिविधि) | गणित (कार्यपुस्तिका) | खेल गतिविधि |
| 2 | | | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | अंग्रेजी (कार्यपुस्तिका) | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | गणित (पाठ्यपुस्तक) | हिंदी (पढ़ना और कार्यपुस्तिका) | गणित (TLM से गतिविधि) | गणित (कार्यपुस्तिका) | खेल गतिविधि |
| 3 | | | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | अंग्रेजी (कार्यपुस्तिका) | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | गणित (पाठ्यपुस्तक) | पर्यावरण और हम (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना और कार्यपुस्तिका) | गणित (TLM से गतिविधि) | खेल गतिविधि |
| 4 | | | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | अंग्रेजी (कार्यपुस्तिका) | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | गणित (पाठ्यपुस्तक) | पर्यावरण और हम (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना और कार्यपुस्तिका) | गणित (TLM से गतिविधि) | खेल गतिविधि |
| 5 | | | अंग्रेजी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | अंग्रेजी (कार्यपुस्तिका) | हिंदी (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | | गणित (पाठ्यपुस्तक) | पर्यावरण और हम (पाठ्यपुस्तक और TLM से गतिविधि) | हिंदी (पढ़ना और कार्यपुस्तिका) | गणित (TLM से गतिविधि) | खेल गतिविधि |
| 6 | | | विज्ञान | अंग्रेजी | गणित | | हिंदी / उर्दू / अन्य | सामाजिक विज्ञान | संस्कृत /राष्ट्रभाषा / अन्य | गणित (अभ्यास) | खेल गतिविधि |
| 7 | | | हिंदी / उर्दू / अन्य | विज्ञान | अंग्रेजी | | गणित | गणित (अभ्यास) | सामाजिक विज्ञान | संस्कृत / राष्ट्रभाषा / अन्य | खेल गतिविधि |
| 8 | | | गणित | हिंदी / उर्दू / अन्य | विज्ञान | | अंग्रेजी | संस्कृत /राष्ट्रभाषा / अन्य | गणित (अभ्यास) | सामाजिक विज्ञान | खेल गतिविधि |

नोट:- 1. उपरोक्त वर्ग - समय सारिणी सुझावात्मक है। 2. विद्यालय अपने संसाधनों यथा - शिक्षक, छात्र, वर्ग कक्ष, सेक्शन की संख्या आदि की उपलब्धता के आधार पर उपरोक्त वर्ग - समय सारणी में परिवर्तन कर सकता है। 3. जिन विद्यालयों में पुस्तकालय है वहाँ बच्चों को सप्ताह में किसी दो अलग-अलग घंटियों में पुस्तक पढ़ने को प्रेरित किया जा सकता है। 4. प्रत्येक सप्ताह में सभी विषय की साप्ताहिक मूल्यांकन विद्यालय अपनी सुविधा अनुसार किसी भी दिन किसी भी घंटी करेंगे।

# पाठ टीका NOTES ON LESSONS

| दिनांक | घंटी | कक्षा | विषय | प्रस्तावित पाठ की संक्षिप्त टिप्पणी | कृष्णपट-कार्य | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Date | Period | Class | Subject | Brief notes on lessons proposed | Black Board work | Remarks |
| 19-अगस्त-2026 | | सभी | चेतना सत्र | साफ-सफाई, प्रार्थना, व्यायाम एवं अन्य आयाम | | |
| | 1 | | | | | |
| | 2 | | | | | |
| | 3 | | | | | |
| | 4 | | | | | |
| | | सभी | मध्यांतर / मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम | | | |
| | 5 | | | | | |
| | 6 | | | | | |
| | 7 | | | | | |
| | 8 | पाठ टीका का संधारण | | | | |

शिक्षक का हस्ताक्षर

# पीएम पोषण योजना

चेतना

19-अगस्त-2026 Wednesday बुधवार वर्ष 05

**पीएम पोषण योजना का मेनू : -**

| दिनांक | दिन | प्रस्तावित मीनू |
|---|---|---|
| 19-Aug-2026 | बुधवार | चावल लाल चना का छोला (अल्प मात्रा में आलू युक्त) |

**पीएम पोषण योजना :-**

*बच्चों को अपने जीवन, भोजन, शिक्षा तथा विकास का अधिकार है। इस अधिकार की प्राप्ति बच्चे करें एवं उन्हें इसके उचित अवसर मिलें, यह राज्य का दायित्व है। भारतीय संविधान की धारा 21A के अंतर्गत 6 से 14 आयुवर्ग के सभी बच्चों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का मौलिक अधिकार प्रदत्त है। प्रारंभिक शिक्षा के सर्वव्यापीकरण में मदद करने के उद्देश्य से सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में पीएम पोषण योजना उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। इस योजना का लाभ निम्नवत है :-*

- *बच्चों को पौष्टिक आहार एवं स्वास्थ्य की प्राप्ति।*
- *बच्चों के शैक्षिक स्तर में वृद्धि।*
- *बच्चों के बीच सामाजिक समता।*
- *बच्चों की सीखने की क्षमता एवं आत्मसम्मान के स्तर को बढ़ाना।*
- *बच्चों के छीजन में कमी।*
- *नामांकन एवं उपस्थिति में निरंतर बढ़ोतरी।*
- *बच्चों के ठहराव, अधिगम एवं एकाग्रता सुनिश्चित करने में मदद।*

**परिवर्तन मूल्य की नई दर की विवरणी (01-12-2024 से प्रभावित)**

| कक्षा 01 से 05 के लिए | | | |
|---|---|---|---|
| सामग्री | वजन प्रति छात्र | दर प्रति किलो | मूल्य प्रति छात्र |
| दाल | 20 Gram | 120.00 | 2.40 |
| सब्जी | 50 Gram | 28.00 | 1.40 |
| तेल | 5 Gram | 160.00 | 0.80 |
| मसाला / नमक | स्वादुनसार | | 0.68 |
| जलावन | 100 Gram | 15.00 | 1.50 |
| | | कुल = | 6.78 |

| कक्षा 06 से 08 के लिए | | | |
|---|---|---|---|
| सामग्री | वजन प्रति छात्र | दर प्रति किलो | मूल्य प्रति छात्र |
| दाल | 30 Gram | 120.00 | 3.60 |
| सब्जी | 75 Gram | 28.00 | 2.10 |
| तेल | 7.5 Gram | 160.00 | 1.20 |
| मसाला / नमक | स्वादुनसार | | 1.02 |
| जलावन | 150 Gram | 15.00 | 2.25 |
| | | कुल = | 10.17 |

## (बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्)

द्वारा

## संचालित "समझे - सीखें", गुणवत्ता शिक्षा कार्यक्रम के बीस सूचक -

1. विद्यालय समय से खुलना एवं बंद होना ।
2. समय से चेतना सत्र का आयोजन ।
3. हर एक बच्चा एवं शिक्षक विद्यालय के समय विद्यालय में उपस्थित ।
4. हर एक बच्चा एवं हर एक शिक्षक सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में तल्लीन ।
5. शिक्षकों को बच्चे के शैक्षिक स्तर की जानकारी एवं उसका संधारण ।
6. सतत एवं व्यापक मूल्यांकन ।
7. कक्षा एक के लिए विशिष्ट रूप से निर्धारित पूर्णकालिक शिक्षक ।
8. विद्यालय के सभी कक्षाओं में श्यामपट्ट का पूर्ण उपयोग ।
9. सभी कक्षाओं में दैनिक शिक्षण-तालिका की उपलब्धता तथा उपयोग ।
10. अंतिम घंटी में खेलकूद, कला तथा सांस्कृतिक गतिविधियां ।
11. विद्यालयों में उपलब्ध कराए गए कहानी की किताबें, खेल सामग्री आदि का उपयोग ।
12. मेनू के अनुसार मध्याहन भोजन का दैनिक वितरण ।
13. सक्रिय बाल-संसद तथा मीना मंच ।
14. साफ-सुथरे बच्चे तथा साफ-सुथरा विद्यालय ।
15. उपलब्ध पेयजल व्यवस्था एवं शौचालयों का उपयोग ।
16. विद्यालय परिसर में बागवानी ।
17. विद्यालयों में उपलब्ध कराए गए अनुदानों का उपयोग ।
18. सभी बच्चों के पास अपनी कक्षा की पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध ।
19. विद्यालय प्रबंध समिति की नियमित बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता पर चर्चा ।
20. विद्यालय में साप्ताहिक कक्षावार शिक्षक अभिभावक की नियमित बैठक ।



# चेतना


टीचर्स ऑफ़ बिहार

समस्तीपुर

पिन - 848207 (बिहार)

Mobile : 9473119007
7250818080

email : chetanastr@gmail.com

Website : www.teachersofbihar.org


**Follow Us**

@teachersofbihar

@teachersofbihar

@teachersofbihar

@teachersofbihar

@teachersofbihar